Reg. No. : ....

Name : ....

FY 505

FIRST YEAR HIGHER SECONDARY MODEL EXAMINATION, FEBRUARY 2025

Part – II

HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off Time : 15 Minutes

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

Score

सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें । **(5×1=5)**

1. 'दुःख' किस विधा की रचना है ?
(आत्मकथा, कहानी, कविता)

2. "मैनेजर साहब ने भी इस बारे में मेरी तारीफ की है ।" मैनेजर साहब ने किसकी तारीफ की है ?
(क्लर्क की, संभ्रांत महिला की, बूढ़े आदमी की)

3. पवन करण की रचना कौन-सी है ?
(कहना नहीं आता, अपराध, चाँद और कवि)

Score

4. ''लोगों की मनोवृत्ति में आया वह परिवर्तन ही हमारी असली विजय है ।'' यह किसका कथन है ?
(बीरबलसिंह का, दीनदयाल का, इब्राहिम अली का)

5. अंधकार का जलधि लाँघकर कौन आएगी ?
(तारा-किरण, सूर्य-किरण, शशि-किरण)

सूचना : 6 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें । (2×2=4)

6. रिक्शावाले की आवाज़ में गहरी उदासी थी । क्यों ?

7. सार्थक वाक्य में बदलें ।

यहबहुतमहत्वपूर्णघटनाहै ।

8. प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ । (कौन, कहाँ)

हेमा रूठकर माँ के घर चली गई ।

सूचना : कवितांश पढ़ें और 9 से 11 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

पत्थर की बैंच
जिसपर अंकित है आँसू, थकान
विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ
इस पत्थर की बैंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़ कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है
पता नहीं सबसे पहले कौन आसीन हुआ होगा
इस पत्थर की बैंच पर !

Score

9. किसके लिए हत्याओं का सिलसिला शुरू हो सकता है ? (1)

10. पत्थर की बैंच के बारे में कवि की आशंकाएँ क्या-क्या हैं ? (2)

11. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

सूचना : 12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(3×4=12)**

12. ये प्रसंग पढ़ें और छोटे भाई के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

* छोटा होने के कारण स्वयं को उपेक्षित समझना
* अपनी उपेक्षा के लिए भाई को दंड दिलाना

13. दोहा पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजौं आपना मुझ-सा बुरा न कोय ।।

14. दोनों पदों को जोड़कर वाक्य का पल्लवन करें ।

दिलीप ने एक रुपया निकाल थाली में डाल दिया ।

(जेब से, लड़के की)

15. सही मिलान करें ।

इब्राहिम अली	जल्लाद दारोगा
मैकू	दूकान चलानेवाला
बीरबलसिंह	जुलूस का नेता
शंभूनाथ	चप्पलें बेचनेवाला

16. जीवनवृत्त पढ़ें और अनुच्छेद लिखें ।

नाम : उदय प्रकाश

जन्म : 1952

जन्मस्थान : मध्यप्रदेश

प्रमुख रचनाएँ : तिरिछ, मोहनदास

पुरस्कार : केंद्र साहित्य अकादमी पुरस्कार

सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें ।

छोटी-सी घटना है, लेकिन एक सबक सिखाती है, बात तो सच थी कि टिकट बाबू का काम बहुत बढ़ गया था । युद्ध के कारण सभी महकमों का यही हाल है । जिन्होंने ताने कसे उनके खिलाफ उसका दिल कड़ा हो गया । मैंने सहानुभूति दर्शाई तो उसका हृदय मोम-सा हो गया और उसने केवल मुझे ही नहीं बल्कि दूसरों को भी जल्दी-जल्दी टिकट देना शुरू किया । सहानुभूति के उन थोड़े से शब्दों ने उसे नई ताकत दी ।

17. टिकट बाबू का हृदय कब मोम-सा हो गया ? (2)

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । (6)

Score

सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें। **(3×6=18)**

19. आपके स्कूल में हिंदी क्लब का उद्घाटन होनेवाला है । उसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

20. अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें ।

Madhav : Hi ! Meera, Have you read any book ?

Meera : Yeah ! I just finished, 'Harry Potter'.

Madhav : It is very nice. I also like Crime Stories.

Meera : Do you need this ?

Madhav : Sure, Thank you.

Meera : Come, Let's have a tea.

Madhav : Okay

(Crime Stories – अपराध कहानियाँ)

21. छोटा भाई झूठ बोला । बड़े भाई को दंड मिला । बड़े भाई की उस दिन की डायरी लिखें ।

* छोटे भाई के झूठ बोलने पर दुःखी होना
* घरवालों के सामने अपराधी बनना
* सच बोलने की प्रतीक्षा करना

22. खोमचेवाले लड़के के घर का अनुभव दिलीप अपने दोस्त से बताता है । दिलीप और दोस्त के बीच की बातचीत लिखें ।

* लड़के से परिचय
* लड़के के घर की हालत
* सच्चे दुःख की पहचान

Score

(3×8=24)

सूचना : 23 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

23. आठ पारिभाषिक शब्द-जोड़े चुनकर लिखें ।

Internet
रद्द करें
संचिका
Share
Privacy
साझा करें
अंतर्जाल
कूड़ेदान
Cancel
Programme
खोज
गोपनीयता
Search
Trash
File
प्रक्रम

24. किसी मन पसंद फिल्म की समीक्षा करें ।

* फिल्म का कथासार
* अभिनय, पटकथा, संवाद, छायांकन आदि
* निदेशक की भूमिका
* फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

Score

25. बाज़ार में एक नया इलेक्ट्रिक स्कूटर आया है । उसके लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

* तेज़ रफ़्तार
* बढ़ती बैटरी क्षमता (Capacity)
* कम रखरखाव (Maintenance)
* हेलमेट मुफ़्त

26. आजकल रैलगाडियों में स्त्रियों पर अत्याचार बढ़ रहा है । इसे रोकने के लिए भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा की गई कार्रवाइयों की जानकारी पाने के लिए श्रेयस, श्रीनिकेतन, नई दिल्ली की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, रेलमंत्रालय, नई दिल्ली के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।